SSLC MODEL QUESTION PAPER 2016

Third Language

Hindi

Time : 90 mts   Score : 90 mts.

सामान्य निर्देश :

- प्रश्न पढ़ने तथा सोचने के लिए पंद्रह मिनट का समय है। इस समय कुछ न लिखें।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।

सूचना : कविता पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अब चलूँ

पार्क में बैठा रहा कुछ देर तक
अच्छा लगा ,
पेड़ की छाया का सुख
अच्छा लगा,
डाल से पत्ता गिरा – पत्ते का मन
"अब चलूँ " सोचा
तो यह अच्छा लगा ।

1.सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

* कवि पेड़ पर बैठा रहा ।
* कवि डाल पर बैठा रहा ।
* कवि पार्क में बैठा रहा ।
* कवि दुख में बैठा रहा ।

2.पेड़ की छाया का सुख कवि को कैसा लगा ? 1

www.shenischol.in

3.कविता पर टिप्पणी लिखें। 4

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

रविवार का दिन था । साहिल अपने घर में नीम के पेड़ की डाली पकड़कर झूम रहा था। वह एक स्टूल पर चढ़कर झूलता था । अचानक टूटे स्टूल की एक कील साहिल की पिंडली में लग गई । एक इंच गहरा गड्ढा हो गया । उसे सरकारी अस्पताल में पट्टी बंधवाने के लिए ले जाया गया । उसने देखा कि दो लोगों को छोड़कर आगे बेला खड़ी है।सिर में पट्टी बंधवाने आई है।

4. इस कहानी का पात्र कौन–कौन है ? 1

5. साहिल की पिंडली में गहरा घाव कैसे हुआ ? 2

6. इस प्रसंग की **पटकथा** तैयार करें । 4

सूचना : निम्नलिखित कविताँश पढ़ें और 7 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

अकाल और उसके बाद

कई दिनों तक चुल्हा रोया , चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकश्त

दाने आए घर के अंदर कई दिनों की बाद
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठीवघर घर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद

7.कविता में "कई दिनों तक" और "कई दिनों के बाद "दुहराने का तात्पर्य क्या हो सकता है ? 1

8. कविता की प्रासंगिकता पर **टिप्पणी** तैयार करें। 4

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गंगी के हाथ से रस्सी छूट गई । रस्सी के साथ घड़ा धडाम से पानी में गिरा और कई क्षण तक पानी में हिलकोरे की

आवाज़ें सुनाई देती रही।

ठाकुर "कौन है,कौन है" पुकारते हुए कुएँ की तरफ आ रहे थे और गंगी जगत से कूदकर भागी जा रही थी ।

घर पहूँचकर देखा कि जोखू मुँह से लगाए वही मैला –पानी पी रहा है ।

9.इस प्रसंग में गंगी के कौन–सा मनोभाव प्रकट होते है ? 1

(बीमारी न बढ़ने की इच्छा, अवसर की प्रतीक्षा, पकड़े जाने का भय)

10. घर पहूँचकर देखा कि जोखू मुँह से लगाए वही मैला –पानी पी रहा है ।

इस प्रसंग में किस बात का उल्लेख है ? 1

11. इस प्रसंग पर गंगी की **डायरी** कल्पना करके लिखें। 4

सूचना : निम्नलिखित अंश पढ़ें और 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

जैसलमेर की यात्रा और सिर्फ तीन दिन का समय .... बहूत कम है दोस्तो । लेकिन पिछली दिवाली में मेरी इस 20–20 औवर के मैच जैसी जैसलमेर यात्रा में मुझे ऐसे कई किस्से मिले जो हमेशा याद रहेंगे ।इनमें से कुछ मज़ेदार किस्से यहाँ तुम्हारे साथ बाँट रहा हुँ। उम्मीद है तुम्हें भी मज़ा आएगा इन्हें सुनकर ....

12.जैसलमेर किस राज्य में स्थित है ? 1

13.जैसलमेर में देखने के लिए क्या–क्या है ? 2

14.जैसलमेर यात्रा की सहायता के लिए एक लेख तैयार करें। 4

सूचना : निम्नलिखित कविताँश पढ़ें और 15 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें

पर दुनिया की हज़ारों सडकों से गुज़रते हुए
बच्चे , बहूत छोटे–छोटे बच्चे
काम पर जा रहे हैं।

15.बच्चे काम पर क्यों जाते होंगे ? कविता के आधार पर अपना विचार लिखें। 2

16.बालश्रम के विरुद्ध एक पोस्टर तैयार करें। 4

17. संबन्ध पहचानें और सही मिलान करें। **3**

भूला नहीं है रे...	दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था।
एक व्यक्ति मुसीबत में है	अपने घर की छोरियों के नाम कार्ड पर नहीं छपते ।
उसने जन्म ले लिया था।	और इसे हमारी मदद की ज़रूरत है